सबके दुख अपने अपने है

सबके दुख अपने अपने है,
सबने देखे कुछ सपने है,
सपने सबके साकार करो,
माँ बच्चों का उद्धार करो,
सबके दुख दूर करो,
सबके भंडार भरे,
सबके कष्ट क्लेश हरो,
मेरे बारे में सोचना माँ,

जब तेरी शरण मे माँ सब भक्त खड़े होंगे,
उनमे मैं भी खड़ा होउंगा,
मेरे बारे में सोचना माँ..

सबको माँ सहारा तेरा है,
सब तेरे आसरे पलते है,
तेरे ही जगाये जगते है,
तेरे ही चलाये चलते है,
तुम सबकी मालिक हो,
जग की संचालक हो ,
तुम सबकी मालिक हो,
जग की संचालक हो,
हर चीज की मालिक हो,
मेरे बारे में सोचना माँ.....

मैं चंचल हूं दीवाना हूं
तेरी ज्योति का परवाना हूँ
तुझसे ही जीवन पाया है
तू जगजननी महामाया है
तूने सबको तारा है हर कोई तुम्हे प्यारा है
सबको तेरा सहारा है
मेरे बारे में सोचना माँ

मैं तेरे बिन रह नही सकदा माँ
मैनु तेरी आदत पै गई ए
जुदाईयां सह नही सकदा माँ
मैनु तेरी आदत पै गई ए.........

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/3053/title/sabke-dukh-apne-apne-hai-sabne-dekhe-kuch-sapne-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |